तापमान

अधिकतम 28.2 डिग्री

न्यूनतम 21.6 डिग्री

हरिभूमि

महासमुंद भूमि

रायपुर, शनिवार 31 अक्टूबर 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

2 कैसे होगा आदिवासी और अनुसूचित जाति के ...



2 बादलों में छिपता रहा चांद, छलनी लेकर ...



खबर संक्षेप

रोड किनारे खड़ी बाइक चोरी

महासमुंद। ग्राम लहरौद में रोड किनारे खड़ी बाइक चोरी के मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध पिथौरा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को ग्राम दरबा मंदिर हसौद निवासी संतोष यादव पिता मनहरण यादव ने बताया कि दशहरा पर्व पर ग्राम-अठारहगुढ़ी अपने ससुराल आया हुआ था 21 अक्टूबर को पिथौरा मार्केट से लगभग-09.30 बजे रात्रि में ग्राम अठारहगुढ़ी वापस जा रहा था। वह लहरौद के पास अपनी बाइक रोड किनारे खड़ी किया था। कुछ देर पश्चात वापस आकर देखा, कि बाइक उक्त जगह पर नहीं थी। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 303 (2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

बिरकोनी में मारपीट, आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज

महासमुंद। ग्राम बिरकोनी में नशे में धुत एक व्यक्ति ने एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध सिटी कोतवाली थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को चंद्रकांत गेंड्रे ने बताया कि 29 अक्टूबर की शाम करीब 4 बजे प्रकाश किराना स्टोर के पास खड़ा था, उसी समय उसकी मां तनूजा गेंड्रे सामान खरीदने आई तो नोहर महिलांग नशे में धुत होकर गाली गलौज करने लगा। जब उसने मना किया तो नोहर ने गाली गलौज कर गले को हाथ से दबाने का प्रयास किया, साथ ही जान से मारने की धमकी दी। आरोपी ने बीच बचाव करने आए राजेश्वर रात्रे के साथ भी गाली गलौज किया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

पिलवापाली में पुलिस की छापामारी, 18 लीटर महुआ शराब बरामद

महासमुंद। जिले की पुलिस ने ग्राम पिलवापाली में छापा मारकर एक व्यक्ति के कब्जे से 18 लीटर महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि जिला पुलिस महासमुन्द द्वारा अवैध महुआ शराब बनाने, बिक्री एवं परिवहन करने वालों के विरूद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। 30 अक्टूबर को पिथौरा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम पिलवापाली में भारत साहू नामक व्यक्ति बड़ी मात्रा में अवैध रूप से हाथ भट्ठी से महुआ शराब बना रहा है। सूचना पर पुलिस स्टाफ व गवाहों के मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की गई। पुलिस ने संदेही भारत साहू पिता सुखीराम साहू उम्र 70 साल साकिन पिलवापाली थाना पिथौरा के कब्जे से कुल 18 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब (कीमती 3600 रुपए) बरामद किया गया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।



कोडार डैम में नौकायन अभ्यास तथा चार गांवों में स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चलाया गया

मेनू कैंप के तीसरे दिन एनसीसी कैडेट्स ने किया नौकायन प्रशिक्षण, रैली निकालकर स्वास्थ्य के प्रति किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

1 सीजी नेवल यूनिट एनसीसी रायपुर द्वारा लखौली में आयोजित मेनू 2026 कैंप के तीसरे दिन कैडेट्स के व्यावहारिक प्रशिक्षण एवं सामाजिक जागरुकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। नौसेना प्रशिक्षण के अंतर्गत एनसीसी कैडेट्स द्वारा कोडार डैम में नौकायन गतिविधि आयोजित की गई। इस अभ्यास के दौरान कैडेट्स को नौकायन एवं जल आधारित गतिविधियों का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ। इस गतिविधि से कैडेट्स में आत्मविश्वास, टीम भावना, समन्वय एवं नौसेना प्रशिक्षण से संबंधित कौशल विकसित करने का अवसर मिला। इसके अतिरिक्त, एनसीसी कैडेट्स एवं नौसेना के पीआई स्टाफ द्वारा कोडार डेम के आसपास स्थित कौवाझर, लोहर्डीह, कोडार एवं मालीडीह गांवों में स्वास्थ्य जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा व्यक्तिगत स्वच्छता, साफ-सफाई, स्वास्थ्य संरक्षण एवं स्वस्थ जीवनशैली के महत्व के बारे में जानकारी देना था।





इस अभियान के माध्यम से कैडेट्स ने स्थानीय ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया तथा उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और बीमारियों से बचाव के लिए स्वच्छता एवं स्वस्थ आदतों को अपनाने का संदेश दिया। इन दोनों गतिविधियों के माध्यम से एनसीसी के मूल उद्देश्यों अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना, व्यावहारिक प्रशिक्षण एवं सामाजिक सेवा को प्रोत्साहित किया गया। साथ ही कैडेट्स को राष्ट्र निर्माण एवं समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने का अवसर मिला। लखौली में आयोजित मेनू 2026 कैंप कैडेट्स के सर्वांगीण विकास, नौसेना प्रशिक्षण एवं सामाजिक सहभागिता के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित हो रहा है।

खौफ : गीली मिट्टी में स्पष्ट दिखाई दे रहा तेंदुए पंजे का निशान

पंडरीपानी के घर में घुसा तेंदुआ बकरी और बत्तख को बनाया शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

बागबाहरा वन मंडल के अंतर्गत

- लगातार हो रही घटनाओं के कारण ग्रामीणों में भारी डर और दशहत

कोमाखान सर्किल क्षेत्र के ग्राम पंडरीपानी में बीते गुरुवार की देर रात अचानक एक तेंदुआ ग्रामीण कुशनो पांडे के घर बाड़ी में घुस आया और पालतू बकरी और बतख को अपना शिकार बना लिया है। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं के कारण ग्रामीणों में भारी डर और दशहत का माहौल है। लोग डरे हुए हैं कि वन्यजीव प्राणी जंगलों को छोड़कर लगातार गांवों की ओर रुख कर रहे हैं। क्षेत्र में तेंदुए की मौजूदगी के कई अन्य मामले भी पहले सामने आ चुके हैं। क्षेत्र के गांव में हाल ही झलमला बहेराभांठा बनियातोरा और परकोम, झिटकी, कोकड़ी, मुड़पार इत्यादि जगहों पर तेंदुए की मौजूदगी दर्ज कर घुमते हुए देखा गया है।





हो सुरक्षा के इंतजाम

लगातार हो रहे हमलों और पालतू पशुओं के नुकसान से ग्रामीण अत्यंत चिंतित और भयभीत हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि इलाके में गश्त बढ़ाई जाए, तेंदुए की लोकेशन पर लगातार नजर रखी जाए और सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जाएं ताकि ग्रामीणों को इस भय से राहत मिल सके।

बीते दिनो पहला घटना पंडरीपानी गांव एक युवक ने जंगल में लकड़ी बिनने गए थे, तभी तेंदुए ने हमला किया था। दूसरी घटना पड़ोसी गांव झिटकी में यादव परिवार के छह लोगों पर तेंदुए ने गंभीर हमला किया था। बाद में उस तेंदुए का रेस्क्यू किया गया। जिसकी मौत हो गई थी।

बकरी का शिकार हमले में मृत पड़े पालतू पशु बकरी की तस्वीर सामने आई है। जिसमें स्पष्ट रूप से हमले के निशान दिखाई दे रहे हैं। घर से लगे बाड़ी की गीली मिट्टी पर तेंदुए के पंजे के निशान भी स्पष्ट देखा गया। घटना के बाद से ग्रामीणों की निगाहें वन विभाग की कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

जिला स्तरीय राष्ट्रीय बाल विज्ञान प्रतियोगिता में राज्य स्तर के लिए चुने गए पांच प्रोजेक्ट



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिला स्तरीय राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का शानदार आयोजन 28 अक्टूबर को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय (सेजेस) महासमुंद में हुआ। चयनित बाल वैज्ञानिक आगामी 20 और 21 नवंबर को रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सहायक संचालक नंदकिशोर सिन्हा और जिला मिशन समन्वयक रेखराज शर्मा द्वारा किया गया।

समारोह में विजेताओं को मिला सम्मान

समापन में मुख्य अतिथि के रूप में अनुविभागीय अधिकारी आस्था बोरकर एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी भोपाल बंजारा उपस्थित रहे। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने पर जोर दिया। विजेता प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। शामिल प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

इन बाल वैज्ञानिकों ने मारी बाजी

जूनियर ग्रुपः खुशी मिश्रा एवं सतीश टांडी पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिंघोड़ा सरायपाली। इशांत सिन्हा एवं तानिया चंद्राकर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय (सेजेस) नयापारा। सीनियर ग्रुपःआदित्य प्रधान एवं संजू पटेल स्वामी, आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय (सेजेस) पटेवा। मनीष साहू एवं रीत भोई शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तोरेसिंहा। विराग यदु एवं विलास चंद्राकर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय (सेजेस) नयापारा।

सुभाष नगर में मां के पेंशन की रकम को लेकर जमकर विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शहर के सुभाष नगर वार्ड में मां की पेंशन के

- पुलिस ने आरोपी बड़े भाई के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया

बंटवारे को लेकर उपजा पारिवारिक विवाद इतना बढ़ गया कि बड़े भाई ने अपनी ही मां की मौजूदगी में छोटे भाई और भतीजे पर चाकू से हमलाकर दिया। पुलिस ने आरोपी बड़े भाई के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार, महासमुंद शहर के वार्ड नंबर 21, सुभाष नगर में रहने वाली सरस्वती सेन को मिलने वाली पेंशन राशि को लेकर परिवार में खींचतान चल रही थी कि मां की पेंशन का पैसा किसे मिलना चाहिए। छोटे भाई पूर्णेंद्र सेन का आरोप है कि उसका बड़ा भाई सितेश सेन इस बात से बेहद खफा था कि पेंशन की पूरी राशि उसे नहीं मिल रही है। इसी के चलते दोनों भाइयों के बीच अक्सर तनाव बना रहता था। 29 अक्टूबर की शाम को भी दोनों भाइयों के बीच पेंशन के पैसों को लेकर तीखी बहस हुई थी। हालांकि, उस समय परिवार के अन्य सदस्यों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत करा दिया था और सभी अपने-अपने काम में लग गए थे। लेकिन रात करीब 10:30 बजे जब पूर्णेंद्र सेन अपने घर लौटा, तो वहां पहले से ही उसका बड़ा भाई सितेश सेन मौजूद था। एफआईआर के मुताबिक, पूर्णेंद्र को देखते ही सितेश ने गाली गलौज करना शुरू कर दिया। विवाद इतना बढ़ा कि सितेश ने अचानक चाकू से पूर्णेन्द्र पर हमला कर दिया। इस हमले में पूर्णेन्द्र के दाहिने हाथ में चोट आई। वहीं बीच-बचाव करने पहुंचे भतीजे विकास सेन पर भी आरोपी ने चाकू से वार कर दिया। घटना के दौरान घर के अंदर मां सरस्वती सेन और भतीजी मेघा सेन भी मौजूद थीं। घटना की रिपोर्ट पीड़ित पक्ष ने महासमुंद सिटी कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई। पूर्णेंद्र सेन की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी बड़े भाई सितेश सेन के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 118(1) और 296 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

चंद्रमा और पति का दर्शन कर महिलाओं ने किया व्रत का पारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शहर सहित अंचल में गुरुवार को करवा चौथ का पर्व श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया। सुहागिनों ने पति की लंबी आयु, सुखी दांपत्य जीवन और परिवार की समृद्धि की कामना करते हुए दिनभर का निर्जला उपवास रखा। अंततः देर शाम बादलों की ओट में हुए चंद्रदर्शन के साथ व्रत का पारण किया गया।

पर्व को लेकर सुबह से ही बाजारों में रौनक नजर आई। महिलाओं ने करवा, पूजा सामग्री, फल, मिठाईयां और श्रृंगार सामग्री की जमकर खरीदारी की। करवा चौथ को लेकर घरों में भी विशेष तैयारियां की गईं। शाम होते ही महिलाओं ने सज-धजकर पूजा की थाली तैयार की। कई स्थानों पर महिलाओं ने सामूहिक रूप से करवा माता की पूजा-अर्चना की और कथा का श्रवण किया। पूजा की थालियों में मिट्टी के करवे, दीपक, छलनी, फल-मिठाई सहित पूजन सामग्री आकर्षण का केंद्र रही। करवा चौथ के व्रत में चंद्रमा के दर्शन का विशेष महत्व होने के कारण महिलाओं को शाम से ही चांद निकलने का इंतजार रहा। हालांकि, आसमान में छाए घने बादलों और मौसम के बदले मिजाज से व्रती महिलाओं को लंबा इंतजार करना पड़ा। चंद्रमा के दर्शन में देरी होने से कई महिलाएं लंबे समय तक आसमान की ओर टकटकी लगाए इंतजार करती रहीं।

बादलों के बीच जब चंद्रमा के दर्शन हुए तो खिल उठे चेहरे: बादलों के बीच जब चंद्रमा के दर्शन हुए तो महिलाओं के चेहरों पर खुशी खिल उठी। पारंपरिक रीति-रिवाज के अनुसार छलनी से चंद्रमा के दर्शन कर उन्हें अर्घ्य अर्पित किया गया। बाद पति का चेहरा देखकर महिलाओं ने व्रत का पारण किया। मौसम की प्रतिकूलता के बावजूद महिलाओं की आस्था और उत्साह में कोई कमी नहीं आई।

भाजपा की लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ पदयात्रा आज



महासमुंद। भारतीय जनता पार्टी जिला द्वारा लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ पदयात्रा का आयोजन 31 अक्टूबर शनिवार को किया जा रहा है। यह पदयात्रा दोपहर 2:30 बजे हाईस्कूल मैदान महासमुंद से प्रारंभ होगी और विशाल मेगा मार्ट के पास इसका समापन किया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी ने इस पदयात्रा को लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और प्रदेश में बढ़ रही अराजकता के विरोध में एक जनजागरण अभियान के रूप में आयोजित किया है। जिला भाजपा अध्यक्ष येतराम साहू ने जिले के सभी मंडल अध्यक्षों, मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों से इस पदयात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है और यह समय घर से निकलकर लोकतंत्र को मजबूत करने का है। यह पदयात्रा केवल राजनीतिक कार्यक्रम नहीं बल्कि जनभावना का प्रतीक है। जिला भाजपा ने सभी से निर्धारित समय पर हाई स्कूल ग्राउंड में उपस्थित होने की बात कही है।

घर घुसकर गाली गलौज, जान से मारने की धमकी

महासमुंद। परसवानी के एक घर में घुसकर गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपियों के विरूद्ध सिटी कोतवाली में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को परसवानी के प्रार्थी पीतांबर साहू ने बताया कि उसके गांव के गेंदूराम यादव पिता भुवनेश्वर यादव द्वारा पूर्व में उसके पिता पवन साहू के साथ गाली गलौज मारपीट किया गया था, जिसकी शिकायत उसने थाने में दर्ज कराई थी। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पुलिस द्वारा उसे जेल भेजा गया था। प्रार्थी ने बताया कि जब वे लोग थाना से घर आये तो उसकी पत्नी धनेश्वरी साहू ने बताया कि गेंदू यादव के परिवार के यशोदा यादव पति टुकुन यादव, अमरीका यादव पति मनीराम यादव, अंजनी यादव पति आशाराम यादव एवं उनके अन्य लोगों द्वारा उसके घर के अंदर जबरन घुसकर गाली गलौज करते हुए जान से मारने व किसी मामले में फंसाकर जेल भेजेंने की धमकी दी गई। रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 3(5), 333, 351, 351(2) बीएएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान में शामिल होने महासमुंद से सैकड़ों कांग्रेसजन दिल्ली रवाना

जिलाध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव ने कहाः लोकतंत्र की रक्षा के लिए एकजुट होना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान के तहत 1 नवंबर को दिल्ली में आयोजित होने वाले विशाल राष्ट्रीय जन आंदोलन में शामिल होने के लिए महासमुंद जिले से सैकड़ों कांग्रेसजन जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव के नेतृत्व में दिल्ली रवाना हुए। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिला। कांग्रेस जिलाध्यक्ष यादव ने कहा कि लोकतंत्र में मतदान का अधिकार प्रत्येक नागरिक की सबसे महत्वपूर्ण ताकत है। मतदाता के अधिकारों की रक्षा करना और निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि 'वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों, नागरिक अधिकारों और संविधान की भावना की रक्षा से जुड़ा जन आंदोलन है।

विधायक यादव ने कहा कि



लोकतंत्र की मजबूती निष्पक्ष निर्वाचन प्रक्रिया और जनता के विश्वास पर निर्भर करती है। प्रत्येक नागरिक का वोट महत्वपूर्ण है और उसकी स्वतंत्रता एवं निष्पक्षता सुनिश्चित होना आवश्यक है। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे लोकतांत्रिक अधिकारों और मतदाता जागरूकता से जुड़े मुद्दों को जनता के बीच मजबूती से उठाएं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय जन आंदोलन में महासमुंद जिले के कांग्रेसजनों की भागीदारी संगठन की एकजुटता और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करेगी। देशभर से पहुंचने वाले कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता एक मंच पर एकत्रित होकर मतदाता अधिकारों से जुड़े विषयों पर अपनी आवाज बुलंद करेंगे।

महासमुंद से सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसजन हुए रवाना

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक यादव के नेतृत्व में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से सैकड़ों कांग्रेसजन दिल्ली के लिए रवाना हुए। कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय जन आंदोलन में शामिल होकर अभियान को मजबूती देने की बात कही। दिल्ली में 1 नवंबर को आयोजित इस विशाल राष्ट्रीय जन आंदोलन में महासमुंद जिले के कांग्रेसजन भी अपनी भागीदारी निभाएंगे। जिला कांग्रेस कमेटी ने इस आयोजन को लेकर कार्यकर्ताओं में समन्वय और सहभागिता सुनिश्चित की है।

देवउठनी एकादशी पर 20 को रहेगा अवकाश

महासमुंद। सामान्य पुस्तक परिपत्र के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कैलेंडर वर्ष 2026 के लिए जिले में पूर्व घोषित स्थानीय अवकाश में संशोधन आदेश जारी किए हैं। जिसके अनुसार पूर्व में 9 नवंबर 2026 सोमवार को दीपावली के दूसरे दिन (गोवर्धन पूजा) के अवसर पर घोषित स्थानीय अवकाश को परिवर्तित करते हुए अब 20 नवंबर 2026, शुक्रवार को नामदेव जयंती/देवउठनी एकादशी (तुलसी पूजा) के अवसर पर स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। यह अवकाश जिला के समस्त शासकीय कार्यालयों एवं संस्थाओं के लिए लागू होगा। उक्त स्थानीय अवकाश बैंक, कोषालय एवं उपकोषालय के लिए लागू नहीं होगा।



खबर संक्षेप



महिलाओं ने पति की लंबी आयु के लिए रखा करवा चौथ का व्रत

महासमुंद। ग्राम खैरा के जय भोले महिला समिति के सुहागिन महिलाओं ने पति की लंबी आयु के लिए करवा चौथ का व्रत रखा। सर्वप्रथम जय भोले महिला समिति की सभी सुहागिन महिलाओं ने एकत्र होकर करवा माता की मंत्रो उच्चारण एवं दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना की। उसके बाद करवा माता की कहानी सुनाई गई। भजन कीर्तन का भी कार्यक्रम हुआ। समिति के वरिष्ठ सदस्य दामिनी साहू ने कहा कि करवा चौथ का महत्व बताया। कार्यक्रम में चित्रलरेखा साहू, राकेश्वरी साहू, मेनका कन्नौजे, नीरा कनौजे, नेहा चंद्राकर, भावना चंद्राकर, अनीता चंद्राकर आदि उपस्थित थे।

वल्लभ भाई पटेल की जयंती आज

महासमुंद। 31 अक्टूबर को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई जाएगी। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने स्वतंत्र भारत के निर्माण और देश को एकसूत्र में पिरोने में ऐतिहासिक व अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान निभाई है उन्हें भारत के 'लौह पुरुष' और 'भारत के एकीकरणकर्ता' के रूप में जाना जाता है।

महिलाओं ने रखा करवा चौथ का व्रत

महासमुंद। ग्राम खरोरा की महिलाओं ने करवा चौथ का व्रत रखा। पति की लंबी आयु के लिए कामना की। इस दिन विवाहित महिलाओं के लिए बेहद खास होता है। इस व्रत को पति की दीर्घायु सुख और समृद्धि की कामना का प्रतीक माना जाता है। करवा चौथ पर शुभ मुहूर्त में पूजा करने से वैवाहिक जीवन में सुख-शांति बनी रहती है और पति को दीर्घायु की प्राप्ति होती है। सुहागिन महिलाओं ने करवा चौथ पर रात को चंद्रमा को अर्घ्य देकर व्रत तोड़ा।

बकमा में दो दिवसीय कबड्डी स्पर्धा आज से

बागबाहरा। ग्राम बकमा में जय मां डोंगरवाली कबड्डी समिति द्वारा समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 31 अक्टूबर एवं 01 नवंबर 2026 को किया जाएगा। प्रतियोगिता का शुभारंभ शनिवार 31 अक्टूबर को शाम 08 बजे होगा। प्रतियोगिता का समापन रविवार 01 नवंबर को रात्रि 12 बजे निर्धारित है। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने के लिए आकर्षक पुरस्कार रखे गए हैं। आयोजक समिति ने क्षेत्र के सभी कबड्डी खिलाड़ियों एवं खेलप्रेमियों से प्रतियोगिता में भाग लेकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

पूजा अर्चना कर पति का लिया आशीर्वाद

बिरकोनी। सुहागिन महिलाओं का विशेष पर्व करवा चौथ श्रध्दा एवम उल्लास के साथ गुरुवार को मनाया गया। बेमौसम बारिश के चलते देर रात 9 बजे चंद्र दर्शन हुए। रात में चंद्रदेव को अर्घ देकर पूजा कथा आरती के बाद पति का चेहरा देखकर चरण छूकर सदा सुहागन का आशीर्वाद लेकर पति द्वारा पिलाए गए जल को ग्रहण किया।

कैसे होगा आदिवासी और अनुसूचित जाति के छात्रावासों के बच्चों का भविष्य सुरक्षित?

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

अधीक्षकों ने बयां किया अपना दुख, शासन-प्रशासन का दबाव और बजट का अभाव

24 घंटे की ड्यूटी और पदोन्नति का अभाव

अधीक्षकों ने अपनी सेवा शर्तों में सुधार की मांग करते हुए कहा है कि उनसे 24x7 सशरीर उपस्थित रहने की अपेक्षा की जाती है। संघ ने मांग रखी है कि उनके दैनिक कार्य के घंटे निर्धारित किए जाएं, सार्वजनिक और साप्ताहिक अवकाश का प्रावधान हो, और ड्यूटी के बाद 'ऑन-कॉल' उपलब्धता की व्यवस्था लागू की जाए। साथ ही वर्तमान में अधीक्षक जिस पद पर भर्ती होते हैं, उसी पर सेवानिवृत्त हो जाते हैं; इसलिए कैडर पुनर्गठन करते हुए मंडल संयोजक, क्षेत्र संयोजक और सहायक सांख्यिकी अधिकारी जैसे पदों पर पदोन्नति के अवसर प्रदान किए जाएं।



12 को सांकेतिक हड़ताल

लंबे समय से पत्राचार और मुलाकातों के बावजूद समस्याओं का अपेक्षित समाधान न होने के कारण अधीक्षकों में भारी निराशा और हताशा व्याप्त है। इसके परिणामस्वरूप, प्रांतीय कार्यकारिणी के आह्वान पर 12 नवंबर 2026, गुरुवार को जिला मुख्यालय में एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल की जाएगी। संघ ने सख्त चेतावनी दी है कि यदि विभाग ने समस्याओं का उचित निराकरण करने के बजाय कोई दमनात्मक कार्रवाई की, तो सभी नियमित और प्रभारी अधीक्षक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने के लिए बाध्य होंगे।

छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय छात्रावास अधीक्षक संघ ने अपनी लंबित मांगों और छात्रावास-आश्रमों के संचालन में आ रही भारी व्यावहारिक कठिनाइयों को लेकर शासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। अधीक्षकों ने अपनी व्यथा व्यक्त करते हुए सवाल उठाया है कि बजट के अभाव और प्रशासनिक दबाव के बीच आदिवासी और अनुसूचित जाति के बच्चों का भविष्य कैसे सुरक्षित रहेगा। संघ ने अपनी मांगों के निराकरण के लिए आदिम जाति विकास मंत्री, विभागीय सचिव, आयुक्त और कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है। अधीक्षकों की सबसे बड़ी चिंता बजट का अभाव है। ज्ञापन में स्पष्ट किया गया है कि छात्रावासों के सुचारू संचालन के लिए बर्तन, दैनिक सफाई सामग्री, बच्चों की दवाइयों, चिकित्सा व्यय, और 15 अगस्त व 26 जनवरी जैसे आयोजनों के लिए पर्याप्त बजट उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। इन स्थितियों में अधीक्षकों को आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए अपने निजी धन पर निर्भर रहना पड़ता है। इसके अतिरिक्त, मेस एक सामूहिक व्यवस्था है, जिसमें 2-3 बच्चों की अनुपस्थिति के बावजूद गैस, ईंधन और मसाले का खर्च कम नहीं होता, फिर भी एचएमएस पोर्टल द्वारा मेस राशि में अनुचित कटौती कर दी जाती है। संघ ने मांग की है कि न्यूनतम 24 दिन की उपस्थिति पर पूरा मेस बजट स्वीकृत किया जाए। शिक्षक संवर्ग के प्रभारी अधीक्षकों को स्कूल के शिक्षण कार्य के साथ-साथ छात्रावास का भी प्रभार संभालना पड़ता है, जिसके कारण दोनों कार्य प्रभावित होते हैं। इसलिए उन्हें विद्यालय में वीएसके ऐप पर उपस्थिति दर्ज करने की अनिवार्यता से छूट देने की मांग की गई है। इसके अलावा, ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने के लिए कंप्यूटर, इंटरनेट और ऑपरेटर जैसे संसाधन उपलब्ध कराने और महिला अधीक्षिकाओं के पुरुष परिजनों के निवास संबंधी नियम स्पष्ट करने की भी मांग की गई है।

'प्राकृतिक आपदा ने छीनी किसानों की मेहनत की कमाई, अब अन्नदाताओं को राहत दे सरकार'

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा

छत्तीसगढ़ में अर्बन साइक्लोन एवं

- अर्बन साइक्लोन से महासमुंद जिला सहित प्रदेश में धान एवं अन्य फसलें बर्बाद, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से पर्याप्त मुआवजा और कृषि ऋण माफी की मांग

भीषण प्राकृतिक आपदा के कारण किसानों के खेतों में तैयार धान सहित अन्य कृषि फसलों को हुए व्यापक नुकसान पर जिला कांग्रेस कमेटी के जिला महामंत्री मनोहर ठाकुर ने गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि इस भीषण प्राकृतिक आपदा से महासमुंद जिला भी अछूता नहीं रहा है। फसलें बर्बाद होने से किसानों के सामने गंभीर आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है तथा उनकी आजीविका पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं।

कांग्रेस नेता मनोहर ठाकुर ने इस गंभीर विषय को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से प्रभावित किसानों को पर्याप्त मुआवजा राशि प्रदान करने एवं कृषि ऋण माफ करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि किसान महीनों तक मेहनत कर अपनी फसल तैयार करते हैं। खेती में बीज, खाद, दवाइयों, मजदूरी एवं अन्य कृषि कार्यों पर अपनी जमा पूंजी लगाने के साथ-साथ कर्ज भी लेते हैं। ऐसे में जब प्राकृतिक आपदा के कारण खेतों में तैयार फसल बर्बाद हो जाती है, तो किसानों के सामने परिवार के भरण-पोषण, बच्चों की शिक्षा, घरेलू आवश्यकताओं तथा आगामी खेती के लिए पूंजी जुटाने का गंभीर संकट खड़ा हो जाता है। फसल नष्ट होने के बाद कर्ज चुकाने की चिंता किसानों की परेशानियों को और बढ़ा देती है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था में किसानों का महत्वपूर्ण योगदान है।



प्रदेश के अन्नदाता किसानों को इस कठिन परिस्थिति में अकेला नहीं छोड़ा जा सकता। प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानों को राहत देना सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। केवल औपचारिक सर्वेक्षण से किसानों की समस्या का समाधान नहीं होगा, बल्कि वास्तविक फसल क्षति का निष्पक्ष आकलन कर उन्हें समय पर पर्याप्त आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना आवश्यक है।

मनोहर ठाकुर ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि महासमुंद जिले सहित प्रदेश के सभी प्रभावित क्षेत्रों में राजस्व एवं कृषि विभाग की संयुक्त टीम से तत्काल ग्रामवार सर्वेक्षण कराया जाए। फसल क्षति के अनुपात में पर्याप्त मुआवजा राशि प्रदान की जाए, प्रभावित किसानों के कृषि ऋण माफ करने के लिए ठोस निर्णय लिया जाए तथा आगामी फसल की तैयारी के लिए बीज, खाद एवं अन्य आवश्यक कृषि आदान उपलब्ध कराने के साथ विशेष आर्थिक सहायता भी दी जाए। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा के कारण किसानों की मेहनत और उम्मीदों को भारी आघात पहुँचा है। ऐसे समय में सरकार को संवेदनशीलता दिखाते हुए किसानों को आर्थिक संकट से उबारने के लिए ठोस एवं त्वरित कदम उठाने चाहिए। किसानों को राहत मिलने से न केवल उनके परिवारों को सहारा मिलेगा, बल्कि प्रदेश की कृषि व्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। मनोहर ठाकुर ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से पुनः आग्रह किया है कि महासमुंद जिले सहित प्रदेश के आपदा प्रभावित किसानों को शीघ्र पर्याप्त मुआवजा प्रदान करने तथा कृषि ऋण माफी की मांग पर सकारात्मक निर्णय लेकर अन्नदाता किसानों को राहत प्रदान करें।

बादलों में छिपता रहा चांद, छलनी लेकर आसमान की ओर निहारती रहीं महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

चक्रवर्ती तुफान अर्नब के चलते दिन में हुई बारिश और शाम को आसमान में छाए बादलों ने करवा चौथ का व्रत रखने वाली महिलाओं का इंतजार बढ़ा दिया। रात में चांद निकला, लेकिन बादलों की ओट में बार-बार छिपता रहा। ऐसे में महिलाएं कभी छत पर तो कभी घर के बाहर खड़े होकर आसमान निहारती रहीं। चांद थोड़ी देर दिखाई देता और फिर बादलों में छिप जाता। चांद की इस लुका-छिपी के बीच महिलाओं को उसके स्पष्ट दर्शन के लिए इंतजार करना पड़ा। आखिरकार चांद के दर्शन होते ही महिलाओं ने अर्घ्य देकर पूजा की और छलनी से पहले चंद्रमा, फिर पति का चेहरा देखकर आरती उतारी। इसके बाद पति के हाथ से जल ग्रहण कर निर्जला व्रत खोला और अखंड सौभाग्य के साथ पति की लंबी आयु की कामना की। कार्तिक कृष्णा पक्ष की चतुर्थी पर गुरुवार को नगर सहित अंचल में करवा चौथ का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया।

महिलाओं ने सुबह से निर्जला



व्रत रखकर भगवान गणेश, कार्तिकेय और चौथ माता की पूजा-अर्थना की। दिनभर व्रत और पूजन की तैयारियों के बाद शाम होते ही महिलाओं की निगाहें चांद के निकलने पर टिक गई। हालांकि दिन में हुई बारिश के बाद आसमान में बादल छाए रहने से चंद्र दर्शन में परेशानी हुई। कुछ क्षेत्रों में रात में चांद दिखाई दिया, लेकिन कुछ ही देर बाद बादलों में छिप गया। इसके बाद भी चांद के थोड़ी-थोड़ी देर में दिखाई देने और फिर ओझल होने का सिलसिला चलता रहा।

आठ शुभ योगों में हुआ पूजन

इस बार करवा चौथ पर लक्ष्मी नारायण, राजयोग, बुधादित्य, त्रिषही शुकादित्य, परिधि गौरी और सर्वार्थ सिद्धि योग सहित आठ विशेष योगों का संयोग बताया गया। महिलाओं ने विधि-विधान से पूजन कर परिवार की सुख-समृद्धि और वैवाहिक जीवन की खुशहाली की कामना की। नगर के मंदिरों और कॉलोनियों में सामूहिक पूजन के आयोजन भी हुए। इस दौरान महिलाओं ने करवा चौथ के गीत गाए और एक्क-दूसरे को हल्दी-कुमकुम लगाकर सुहाग की सामती भेंट की। बुजुर्गों के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद भी लिया।

भारतीय डाक विभाग एवं इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक बना रहा है जीवन प्रमाण पत्र

पिथौरा। पेंशनभोगियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के माध्यम से डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बनवाने की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इस सुविधा के अंतर्गत कोई भी पेंशन भोगी अपने घर पर भी डाक विभाग के डाकिया अथवा ग्रामीण डाक सेवक की सहायता से डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बना सकता है। इस सुविधा का मुख्य उद्देश्य पेंशन भोगियों विशेष कर वरिष्ठ नागरिकों दिव्यांग जनों एवं ऐसे पेंशन भोगियों को राहत प्रदान करना है, जिन्हें जीवन प्रमाण पत्र जमा करने के लिए बैंक अथवा अन्य कार्यालय में जाने में कठिनाइयां होती है। इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के माध्यम से डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बनवाने के लिए पेंशन भोगी को मात्र 70 रुपए का शुल्क देना होगा। इस सुविधा के लिए पेंशन भोगी को कहीं जाने की आवश्यकता नहीं है, डाकिया अथवा ग्रामीण डाक सेवक पेंशन भोगी के घर पहुंच कर आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने में सहायता करेंगे। डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र की प्रक्रिया में पेंशन भोगी का आधार आधारित बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण किया जाना है। जिसके माध्यम से जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की प्रक्रिया अधिक सरल सुविधाजनक के एवं सुलभ हो जाती है। सभी पात्र पेंशनभोगियों से अपील की जाती है कि वह इस सुविधा का लाभ उठाएं तथा अपने जीवन प्रमाण पत्र को समय पर डिजिटल माध्यम से बनवाएं। इच्छुक पेंशन भोगी अपने नजदीकी डाकघर डाकिया अथवा ग्रामीण डाक सेवक से संपर्क कर इस सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक एवं भारतीय डाक विभाग की यह पहल पेंशन भोगियों को घर बैठे सरल सुलभ एवं सुविधाजनक सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। भारतीय डाक विभाग प्रवर अधीक्षक कार्यालय रायपुर द्वारा सम्मानितजनों से यह अपील की गई है।

सहकारिता से समृद्धि, आत्मनिर्भरता और रोजगार सृजन का नया मार्ग

बागबाहरा। सहकारिता आर्थिक एवं सामाजिक विकास का एक सशक्त माध्यम है,जो सामूहिक प्रयास, आपसी सहयोग और सहभागिता के आधार पर समृद्धि एवं आत्मनिर्भरता का मार्ग प्रशस्त करती है। युवाओं को सहकारिता के महत्व, उसकी उपयोगिता तथा इसके माध्यम से उपलब्ध रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों से परिचित कराने के उद्देश्य से जिला सहकारी संघ मर्यादित महासमुंद के तत्वावधान में शासकीय खे. ल. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय बागबाहरा में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। केंद्र सरकार के सहकारिता मंत्रालय के पाँच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित यह कार्यक्रम 'सहकार से समृद्धि' अभियान के अंतर्गत हुआ। कार्यक्रम का मुख्य विषय वर्तमान परिवेश में सहकारिता के माध्यम से विद्यार्थियों को रोजगार विषयक जानकारी देना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ. अनुसुइया अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि एसआर बंजारे उपस्थित रहे। अध्यक्षता शिवगोपाल रात्रे ने की। मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ. अनुसुइया अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में सहकारिता को सामूहिक विकास, आर्थिक सशक्तीकरण और आत्मनिर्भरता का महत्वपूर्ण आधार बताया। उन्होंने कहा कि सहकारिता की भावना लोगों को एक साथ जोड़कर आर्थिक एवं सामाजिक उन्नति के अवसर प्रदान करती है। विद्यार्थियों को सहकारिता के क्षेत्र में उपलब्ध संभावनाओं को समझने और भविष्य में इसका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि एसआर बंजारे ने सहकारी संस्थाओं की कार्यप्रणाली, सहकारी समितियों के उद्देश्यों एवं उनकी उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कृषि, दुग्ध उत्पादन, मत्स्य पालन, विपणन, लघु उद्योग एवं अन्य सहकारी गतिविधियों के माध्यम से युवाओं के लिए उपलब्ध रोजगार और स्वरोजगार की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सहकारिता के माध्यम से युवा सामूहिक उद्यमिता को अपनाकर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकते हैं। अध्यक्षता कर रहे शिवगोपाल रात्रे ने सहकारिता के मूल सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आपसी सहयोग, विश्वास, समान भागीदारी और सामूहिक जिम्मेदारी ही सहकारिता की वास्तविक पहचान है। सहकारी संस्थाएं समाज के विभिन्न वर्गों को एक मंच प्रदान करती हैं, जिससे आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलता है और समाज के समग्र विकास का मार्ग प्रशस्त होता है। कार्यक्रम में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा सहकारिता के माध्यम से संचालित विभिन्न योजनाओं, सहकारी समितियों की भूमिका तथा युवाओं के लिए रोजगारोन्मुखी अवसरों की जानकारी दी गई। वक्ताओं ने सहकारिता को ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने, स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग, उद्यमिता को प्रोत्साहन देने तथा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण माध्यम बताया। विद्यार्थियों को सहकारिता के क्षेत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने और इसके माध्यम से नए उद्यम स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. खिलावन पटेल के मार्गदर्शन में स्वयंसेवक छात्र-छात्राओं ने मतदान के महत्व, लोकतंत्र में मतदाता की भूमिका तथा निष्पक्ष एवं निर्भीक मतदान के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। विद्यार्थियों को अपने मताधिकार का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन गजानंद बुडेक ने किया।





16 वर्षों से आपकी सेवा में

श्री खाटू श्याम ज्योतिष

श्री खाटूश्याम ज्योतिष दुर्ग

ज्योतिष के माध्यम से जीवन की सही दिशा

समस्याएँ चाहे कितनी भी बड़ी क्यों न हों,
समाधान हमेशा संभव है...

मनमोहनी स्पेशलिष्ट

जन्मकुण्डली विशेषज्ञ | पं.रविकांत शर्मा
पं.एस.के. शास्त्री



जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष सामाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान-संतान योग
- दुकान, बच्चों के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण



खाटू श्याम जी की असीम कृपा से
"हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना
जब कही ना हों काम, तो हमसे ले समाधान





















क्यों चुनें हमें ?

- 16 वर्षों का अनुभव
- सटीक एवं सरल समाधान
- गोपनीयता की पूर्ण गारंटी
- व्यक्तिगत मार्गदर्शन
- श्रद्धा और विश्वास पर आधारित सेवा

ऑफिस आने पर मात्र

₹ 101

PAYMENT QR CODE

₹ 251

फोन से परामर्श मात्र

हमारी प्रमुख सेवाएं

- **जन्म कुंडली विश्लेषण** — व्यक्तित्व, करियर, विवाह, संतान
- **वैवाहिक जीवन** — विवाह में आ रही बाधाएँ, वैवाहिक सुख
- **करियर एवं व्यवसाय** — नौकरी, व्यापार, विदेश योग
- **धन एवं समृद्धि** — आर्थिक स्थिति, निवेश, लाभ
- **संतान योग** — संतान प्राप्त, संतान सुख
- **वास्तु शास्त्र** — घर, दुकान, ऑफिस की ऊर्जा
- **हस्तरेखा विज्ञान** — जीवन की संभावनाएँ, भविष्य संकेत
- **प्रश्न कुंडली** — तत्काल समाधान, सही दिशा

बुकिंग के लिए संपर्क करें:
+91 747 067 4060

पोलसाय पारा चौक,
स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

संपर्क सूत्र:- पं. रविकांत शर्मा एवं
पं. एस. के शास्त्री: +91 9755964567

नोट : मिलने के लिए अपॉईंटमेंट लेना आवश्यक है। असुविधा से बचने के लिए अपॉईंटमेंट लेकर ही मिलें। | Follow us on: shree_khatushyam_jyotish | हमारी अन्य कोई और शाखा नहीं है।